ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF**
**CCE RR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **21**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh & Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 03. 04. 2020 ] [ Date : 03. 04. 2020

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8

1. 'लिफाफा' शब्द का बहुवचन रूप है –

   (A) कागज (B) पाकिट

   (C) लिफाफों (D) लिफाफे ।

2. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है –

   (A) हाथी (B) मोरनी

   (C) बैल (D) शेर ।

3. 'बेचना' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) खरीदना (B) भेजना

   (C) लाना (D) बचाना ।

4. 'लगना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) लगन (B) लगवाना

   (C) लगाना (D) लग गया ।

5. हाथी भाई, हम लोग मकान बनाना चाहते हैं ।

   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

   (A) विस्मयादिबोधक (B) अल्पविराम

   (C) प्रश्नवाचक (D) कोष्ठक ।

6. निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास है –

   (A) राजवंश (B) जलप्रपात

   (C) दोपहर (D) देश-विदेश ।

7. अब्दुल कलामजी का जन्म रामेश्वरम् ........... हुआ ।

रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

(A) से (B) की

(C) में (D) का ।

8. 'परोपकार' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) यण्

(C) व्यंजन (D) दीर्घ ।

II. **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 4 × 1 = 4

9. मेजर : कुमार : : कर्नल : ......................

10. रामानंद शास्त्री : पक्षो लक्ष्मण शास्त्री : : अब्दुल कलाम : ......................

11. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवड़ी बेचनेवाला : ......................

12. भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : ....................

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4

13. गाजर को खाने की मेज पर स्थान क्यों मिलने लगा है ?

14. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?

15. बसंत और प्रताप किसके घर में रहते थे ?

16. कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करते हैं ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16

17. आशियम्मा अब्दुल कलामजी को खाने में क्या-क्या देती थीं ?

18. आयोजकों ने परसाईजी को निमंत्रण क्यों दिया ?

19. बिछेन्द्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए ।

20. यशोदा कृष्ण को कैसे शांत करती है ?

21. भैंस के पंजर से दोस्तों को कैसी जानकारी मिली ?

22. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय क्या है ?

23. सूर्य से पृथ्वी और शनि का अंतर बताइये ।

**अथवा**

'शनैःचर' का अर्थ क्या है ?

24. पाठ के अनुसार सत्य का स्वरूप कैसा है ?

**अथवा**

देश के प्रति हमारे कर्तव्यों के बारे में लिखिए ।

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9 × 3 = 27

25. प्रताप राजकिशोरजी के घर क्यों आया ?

26. 'वीडियो कान्फरेन्स' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

27. रोबोनिल के कार्यों का विवरण दीजिए ।

28. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में लिखिए ।

29. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ कैसे की ?

30. कवि समय का सदुपयोग करने को क्यों कहते हैं ?

31. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन क्या है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :

शनिग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटन है । यह हमारे चन्द्रमा से भी बड़ा है । इसका व्यास 5,150 किलोमीटर है ।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8

34. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गिल्लू के क्रिया-कलाप के बारे में लिखिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ...............................................

....... ...................................................

...........................................................

............................................. भागो तुम ।

VII. 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4

नागाओं का प्रमुख व्यवसाय कृषि है । अपने परिवार के लिए प्रत्येक नागा के पास काफी मात्रा में भूमि होती है । भूमि की कमी पड़ने पर ये लोग स्वयं ही वनों को काटकर खेती योग्य भूमि बना लेते हैं । खेती में मुख्य रूप से आलू और धान उपजाये जाते हैं । इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के फल एवं साग-सब्जी भी उगाए जाते हैं । खेती की नवीन विधियों का प्रचार भी अब इनमें होने लगा है । नागाओं का प्रधान भोजन चावल एवं मांस है । चावल से ये एक प्रकार की शराब बनाते हैं और उसे आनंद से पीते हैं । इसे 'अपौंग' कहत हैं ।

अ) नागा लोग खेती योग्य भूमि कैसे बना लेते हैं ?

आ) नागा लोग खेतों में क्या-क्या उगाते हैं ?

इ) 'अपौंग' किसे कहते हैं ?

ई) नागाओं की कृषि पद्धति में क्या बदलाव हुए हैं ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$

क) बेरोजगारी

* प्रस्तावना
* कारण
* निवारण/उपाय
* उपसंहार ।

ख) स्वच्छ भारत

* प्रस्तावना
* स्वच्छता का महत्व
* स्वच्छ परिसर से लाभ
* स्वच्छता रखने के उपाय
* उपसंहार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* जनसंख्या नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$

38. कोई सकारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

जीवन में पढ़ाई के महत्व को बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए ।

***